उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग-4
संख्या:-9/2224/नौ-4-13-80ईओ/07
लखनऊ: दिनांक: 05 सितम्बर, 2013

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

उ0प्र0 पालिका (केन्द्रीयित) सेवा की श्रीमती निरूपमा मिश्रा, तत्कालीन अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ को उनके निजी अनुरोध पर शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या:-183एम/नौ-4-12-80ईओ/07, दिनांक-21.07.12 द्वारा स्थानान्तरित करते हुये नगर निगम, गाजियाबाद में दिनांक-30.06.13 तक के लिये तैनात किया गया था।

2. नगर निगम, गाजियाबाद में श्रीमती निरूपमा मिश्रा की तैनाती की उक्त अवधि दिनांक-30.06.13 समाप्त हो जाने के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त उन्हें तात्कालिक प्रभाव से स्थानान्तरित करते हुये नगर निगम, अलीगढ. में अपर नगर आयुक्त के रिक्त पद पर एतदद्वारा तैनात किया जाता है।

3. श्रीमती निरूपमा मिश्रा, अपर नगर आयुक्त, अपनी वर्तमान तैनाती के स्थान नगर निगम, गाजियाबाद से स्वत: कार्यमुक्त समझी जायेंगीं।

4. श्रीमती निरूपमा मिश्रा अपनी नवीन तैनाती के स्थान पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुये कार्यभार ग्रहण करने की सूचना शासन/निदेशक, स्थानीय निकाय को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगीं। आदेशों की अवहेलना अनुशासनहीनता मानी जायेंगीं, जिसके लिये सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव:-</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद/अलीगढ. ।
3. सम्बन्धित अपर नगर आयुक्त।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(उमाशंकर सिंह)
उपसचिव।